TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें



teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

24 अक्टूबर 2026

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार

जीवन में बड़ा बनने से अधिक

महत्वपूर्ण है एक अच्छा इंसान बनना।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers

शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **24.10.2026**

व्यावसायिक विकास

व्यावसायिक विकास **(Professional Development)** वह निरंतर प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में ज्ञान, कौशल, योग्यता, अनुभव और कार्यक्षमता में वृद्धि करता है, ताकि वह अपने कार्य को अधिक प्रभावशाली एवं कुशलतापूर्वक कर सके।

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

नेहा बेडवाल ने 24 साल की उम्र में यूपीएससी क्रैक कर भारत की सबसे कम उम्र की **आईएएस अधिकारी** बन गईं हैं। उन्होंने **तीन साल** अपनी तैयारी के दौरान **मोबाइल फ़ोन** को हाथ तक नहीं लगाया था।

विज्ञान प्रतियोगिता

ज्ञान से ही बनता है भविष्य!

सोचो, समझो और सही उत्तर चुनो!

प्रश्नः मेंडलीफ ने तत्वों का वर्गीकरण मुख्यतः किस आधार पर किया था?

- **A** परमाणु संख्या
- **B** परमाणु द्रव्यमान
- **C** न्यूट्रॉन संख्या
- **D** इलेक्ट्रॉन संख्या

सही उत्तर

B. परमाणु द्रव्यमान

मेंडलीफ ने तत्वों को बढ़ते हुए परमाणु द्रव्यमान के क्रम में व्यवस्थित किया था और उनके गुणों में समानता के आधार पर उनका वर्गीकरण किया था।

थोड़ी जानकारी

मेंडलीफ ने तत्वों के गुणों और उनके परमाणु द्रव्यमान के आधार पर एक सारणी बनाई थी, जिसमें कुछ तत्वों के गुणों में आवधिक (Periodicity) समानता देखी गई थी। उन्होंने अभी तक खोजे न गए तत्वों के लिए भी स्थान छोड़ा था।

मेंडलीफ को 'आधुनिक आवर्त सारणी का जनक' कहा जाता है।

हर दिन कुछ नया सीखें, विज्ञान को समझें, और देश का नाम रोशन करें!

Anupriya

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

दिवस विशेष

मधु प्रिया

विश्व पोलियो दिवस

24 अक्टूबर

"पोलियो मुक्त भारत,
स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य"

पोलियो क्या है ?

पोलियो एक संक्रामक बीमारी है, जो वांयरस के कारण होती है। यह मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करती है और लकवा (पैरालिसिस) का कारण बन सकती है।

क्यों है यह महत्वपूर्ण ?

- यह बीमारी पूरी तरह से रोकी जा सकती है।
- पोलियो की एक भी घटना, बच्चों के लिए गंभीर हो सकती है।
- टीकाकरण से ही हम इसे जड़ से समाप्त कर सकते हैं।

कैसे बचें ?

- 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं।
- पल्स पोलियो अभियान में भाग लें।
- अपने आसपास के बच्चों का भी टीकाकरण सुनिश्चित करें।

दो बूंद ज़िंदगी की

पोलियो को हराएं

आइए, हम सब मिलकर
पोलियो मुक्त भारत का संकल्प लें।

24 अक्टूबर

आज के दिन का महत्वपूर्ण घटनाएँ

इतिहास से मिलती है प्रेरणा...

24 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1577** - चौथे सिख गुरु रामदास ने अमृतसर शहर की स्थापना की, शहर का नाम तालाब अमृत सरोवर के नाम पर रखा गया।
- **1579** - जेसुईट पादरी एस जे थामस भारत आने वाले पहले अंग्रेज थे, वह पुर्तगाली नौका से गोवा पहुंचे।
- **1605** - मुगल शासक जहाँगीर ने आगरा में गद्दी संभाली थी।
- **1657** - कल्याण और भिवंडी के शासन के अधीन आए।
- **1945** - द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के एक महीने बाद ही विश्व में शांति कायम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) की स्थापना की गई।
- **1946** - रॉकेट द्वारा पहली बार धरती का अंतरिक्ष से चित्र लिया गया।
- **1947** - जम्मू कश्मीर पर पाकिस्तानी कबाइलियों ने हमला किया।
- **1948** - बर्नाड बारूक ने सीनेट युद्ध की जांच समिति के समक्ष एक भाषण में पहली बार 'शीत युद्ध' शब्द का इस्तेमाल किया।
- **1975** - बंधुआ मजदूर प्रथा को समाप्त करने के लिए एक अध्यादेश लाया गया और अगले दिन से यह प्रभाव में आ गया।
- **1982** - सुधा माधवन मैराथन में दौड़ने वाली पहली महिला एथलीट बनी।
- **1984** - कोलकाता में एस्प्लेनेड और भवानीपुर के बीच पहली मेट्रो ट्रेन (भूमिगत ट्रेन) शुरु।
- **2000** - दक्षिण कोरिया द्वारा लम्बी दूरी की मिसाइलों का परीक्षण न करने की घोषणा।
- **2001** - नासा के 2001 मार्स ओडिसी अंतरिक्ष यान ने सफलतापूर्वक मगल ग्रह के चारों ओर कक्षा में प्रवेश किया।
- **2004** - ब्राजील ने अतरिक्ष में पहला सफल राकेट परीक्षण किया।
- **2005** - न्यूजीलैंड-भारत नया हवाई सेवा समझौता करने पर सहमत।

चौथे सिख गुरु रामदास

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना

पहली बार धरती की तस्वीर

विश्व शांति

24 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति

- **1974** - अनुराग ठाकुर – जानेमाने भारतीय राजनीतिज्ञ।
- **1972** - मल्लिका शेरावत, हिंन्दी फ़िल्म अभिनेत्री।
- **1940** - कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन – अंतरिक्ष वैज्ञानिक।
- **1936** - संजीव चट्टोपाध्याय – बांग्ला भाषा के उपन्यासकार तथा लघु कथाकार।
- **1921** - आर. के. लक्ष्मण, सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट।
- **1915** - जीवन – हिंन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता।
- **1914** - लक्ष्मी सहगल, स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेविका।
- **1911** - अशोक मेहता – राजनीतिज्ञ, समाजवादी नेता।
- **1884** - प्रेमनाथ डोगरा – जम्मू-कश्मीर के नेता।
- **1775** - बहादुर शाह ज़फ़र – मुगल साम्राज्य के अंतिम बादशाह।

अनुराग ठाकुर

मल्लिका शेरावत



कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन

आर. के. लक्ष्मण

24 अक्टूबर को हुए निधन

- **2000** - सीताराम केसरी – कांग्रेस के राजनीतिज्ञ।
- **1996** - ग्लेडदिन जेब – संयुक्त राष्ट्र के प्रथम महासचिव के चुनाव तक कार्यवाहक महासचिव।
- **1991** - इस्मत चुगताई – उर्दू साहित्यकार।
- **1954** - रफ़ी अहमद क़िदवई – स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ।
- **2006** - धरमपाल – गांधीवादी, विचारक, इतिहाससकार।
- **2013** - मन्ना डे – कला के क्षेत्र में पद्म भूषण।
- **2017** - गिरिजा देवी – प्रसिद्ध ठुमरी गायिका।
- **2005** - टी. एस. मिश्रा – असम के भूतपूर्व राज्यपाल।

इस्मत चुगताई

मन्ना डे

गिरिजा देवी

धरमपाल

24 अक्टूबर के महत्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

- विश्व विकास सूचना दिवस
- विश्व पोलियो दिवस

भारत के प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक

डॉ. के. कस्तूरीरंगन

(Krishnaswamy Kasturirangan)

जन्म - 24 अक्टूबर, 1940 (केरल)

भारत के महान वैज्ञानिक, दूरदर्शी प्रशासक और **भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम** के मजबूत स्तंभ **डॉ. के. कस्तूरीरंगन** के जन्मदिन पर उन्हें

हार्दिक शुभकामनाएं।

मुख्य योगदान

- इसरो (ISRO) के अध्यक्ष रहे।
- अंतरिक्ष आतोग के अध्यक्ष रहे।
- भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव रहे।
- 2003 में पद छोड़ने से पहले 9 वर्षों से अधिक समय तक भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया।
- भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध और योगदान दिया।
- भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को विश्व पटल पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाई।

> “विज्ञान और अंतरिक्ष,
> केवल तकनीक नहीं,
> यह मानवता के लिए
> बेहतर भविष्य का द्वार है।”
>
> – डॉ. के. कस्तूरीरंगन

अन्य पहचान

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को नई दिशा देने वाले नेतृत्वकर्ता।
- भौतिकविद के रूप में प्रतिष्ठित वैज्ञानिक।
- विज्ञान, शिक्षा और पर्यावरण से जुड़े कई राष्ट्रीय मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका।
- भारत में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रसार और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने वाले मार्गदर्शक।

जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं

Madhu priya

www.teachersofbihar.org

मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

TEACHERS OF BIHAR — THE CHANGE MAKERS

सुरक्षित शनिवार

दिनांक - 24-10-26 (अक्टूबर माह का चौथा शनिवार)

सुरक्षित रहें

सड़क दुर्घटना से बचाव

सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटना से बचा जा सके और जीवन सुरक्षित रहें!

1 हेलमेट और सीट बेल्ट पहनें

- दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें!
- चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट जरूर लगाएं!
- यह जीवन रक्षा कवच है!

2 गति पर नियंत्रण रखें

- अधिक गति से वाहन न चलाएं!
- निर्धारित गति सीमा का पालन करें!
- तेज गति दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण है!

3 यातायात नियमों का पालन करें

- लाल बत्ती पर रुकें, हरी बत्ती पर चलें!
- ट्रेफिक संकेतों और संकेतचिन्हों का पालन करें!
- लापरवाही दुर्घटना की सौता देती है!

4 मोबाइल का उपयोग न करें

- वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें!
- ध्यान भंग होने से दुर्घटना हो सकती है!
- सड़क पर केवल वाहन चलाने पर ध्यान दें!

5 सुरक्षित सड़क

- निर्धारित स्थान (जेब्रा क्रॉसिंग) से ही सड़क पार करें!
- दाएं-बाएं देखकर ही आगे बढ़ें!
- जल्दबाजी न करें, जीवन की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है!

6 वाहन की नियमित जांच करें

- ब्रेक, टायर, लाइट और हॉर्न की स्थिति जांचें!
- वाहन की समय-समय पर सर्विस कराएं!
- ठीक वाहन, सुरक्षित यात्रा!

7 आपात स्थिति में क्या करें

- दुर्घटना होने पर तुरंत 112 पर सुचना दें!
- घायलों को मदद करें और उन्हें अस्पताल पहुंचाएं!
- पुलिस और एम्बुलेंस को सुधित करें!

8 सुरक्षित वाहन, सुरक्षित परिवार

- हमेशा नियमों का पालन करें!
- खराब मौसम में विशेष सावधानी बरतें!
- सुरक्षित पहुँचेंगे तो खुशियां साथ होंगी!

सुरक्षित सड़क, समृद्ध जीवन । जिम्मेदार नागरिक बनें

- हेलमेट पहनें
- सीट बेल्ट लगाएं
- गति सीमा का पालन करें
- मोबाइल से दूर रहें
- पैदल मार्ग का उपयोग करें

आइए! हम सभी मिलकर सुरक्षित और जागरूक सड़क सड़क दुर्घटनाओं को रोकें!

राकेश | राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर

टी-20 में भारत के सबसे बड़े सफल रनचेज

रैंक	टारगेट	Vs	वेन्यू	साल
1	226	न्यूजीलैंड	क्राइस्टचर्च	2026
2	209	ऑस्ट्रेलिया	विशाखापत्तनम	2023
2	209	न्यूजीलैंड	रायपुर	2026
4	208	वेस्टइंडीज	हैदराबाद	2019
5	207	श्रीलंका	मोहाली	2009

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

“ देश की स्वतंत्रता के लिए
जिसने अपना जीवन समर्पित किया,
वह सदा अमर है। ”

स्वतन्त्रता सेनानी
लक्ष्मी सहगल

की जयंती

24 अक्टूबर

के अवसर पर
शत-शत् नमन

तुम मुझे खून दो
मैं तुम्हें आज़ादी दूँगी

– लक्ष्मी सहगल

लक्ष्मी सहगल एक साहसी, निर्भीक और महान स्वतंत्रता सेनानी थीं। उन्होंने आज़ाद हिन्द फ़ौज की महिला रेजिमेंट “रानी झांसी रेजिमेंट” का नेतृत्व किया और देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका जीवन समर्पण, साहस, नारी शक्ति और राष्ट्रभक्ति की अद्‌भुत मिसाल है। वे सदैव भारतीय जनमानस के हृदय में अमर रहेंगी।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

आज का TOB क्विज...

सामान्य ज्ञान विशेष

सोचिए... जानिए... आगे बढ़िए...

महाराणा प्रताप का जन्म कब हुआ था ?

- **A** 9 मई 1540 ई.
- **B** 9 जून 1540 ई.
- **C** 9 जुलाई 1540 ई.
- **D** 9 अगस्त 1540 ई.



जन्म स्थान : कुंभ्लगढ़ दुर्ग, राजस्थान

महाराणा प्रताप से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें

- पूरा नाम : महाराणा प्रताप सिंह
- पिता : महाराणा उदय सिंह द्रितीय
- माता : महारानी जयवंता बाई
- जन्म स्थान : कुंभ्लगढ़ दुर्ग, राजस्थान

स्वाभिमान, वीरता और स्वतंत्रता के प्रतीक महाराणा प्रताप को नमन !

“जिसने स्वतंत्रता के लिए जीवन भर संघर्ष किया,
वह थे मेवाड़ के अमर वीर महाराणा प्रताप।”

24 अक्टूबर
विश्व विकास
सूचना दिवस
पर हार्दिक शुभकामनाएं
" सूचना से समझ बढ़े, समझ से विकास, विकास से समृद्धि।"
शिक्षा
स्वास्थ्य
डिजिटल जानकारी
सतत विकास
लैंगिक समानता
आर्थिक विकास
पर्यावरण संरक्षण
समान अवसर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व विकास सूचना दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सही जानकारी, जागरूकता और सूचना तक समान पहुंच, सतत विकास की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है।
आइए, सूचना के अधिकार को मजबूत करें और सतत विकास की ओर कदम बढ़ाएं।
मधु प्रिया
प्रधान शिक्षिका
प्राथमिक विधालय नवटोलिया ब्रह्मज्ञानी
भवानीपुर पूर्णिया
सभी के लिए सूचना
सभी के लिए विकास
जानकारी | जागरूकता | समावेशी विकास
www .teachersofbihar.org

Teachers Of Bihar Presents

Smiling Faces Of Bihar

राजकीय प्राथमिक विद्यालय शेखधुरवा
चनपटिया, पश्चिमी चंपारण

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

Smiling Faces Of Bihar

उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुलिया
लदनिया, मधुबनी

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

Smiling Faces Of Bihar

प्राथमिक विद्यालय रसलपुर
विद्यापतिनगर, समस्तीपुर

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

Smiling Faces Of Bihar

राजकीय सुंदरवती कन्या मध्य विद्यालय
बरारी, भागलपुर

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR